राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 30 जनवरी। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सर्वधर्म प्रार्थना सभा, मौन धारण एवं पुष्पांजली कार्यक्रम आयोजित हुये। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरूओं द्वारा शांति व सद्भावना के लिए पाठ किया गया और बापू के प्रिय भजनों का गायन हुआ।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम से पूर्व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा के समापन अवसर पर आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं मंत्री श्री गोविन्द राम मेघवाल ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रात: 10 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं मंत्री श्री गोविन्द राम मेघवाल, कोषाध्यक्ष श्री सीताराम अग्रवाल, मुख्यालय सचिव श्री रामसिंह कस्वां, श्री ललित तूनवाल, सचिव श्री प्रशान्त शर्मा, श्री जसवंत गुर्जर, श्री महेन्द्र सिंह खेड़ी, श्री मुकेश वर्मा, श्री राजेन्द्र यादव, प्रवक्ता श्री आर.सी. चौधरी, स्वर्णिम चतुर्वेदी, चेयरमेन श्री जुबेर खान, श्री बृजकिशोर शर्मा, श्री मुमताज मसीह, डॉ. खानू खाँ बुधवाली, श्री पुखराज पाराशर, श्री महेन्द्र गहलोत, प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक श्री हेमसिंह शेखावत, श्रीमती मंजू शर्मा, श्रीमती ज्योति खण्डेलवाल, श्री अशोक तंवर, श्री संजय बाफना, श्री गिरिराज गर्ग, श्री आर.आर. तिवाड़ी, श्री राजेश चौधरी, श्रीमती रेखा कटारिया, श्री अब्दुल रज्जाक भाटी, श्री अखिलेश अत्री, श्री हरसहाय यादव, श्री मनोज मुद्गल, श्री अरूण कुमावत, श्री भवी मीणा, श्री अब्दुल हफीज जयपुरी, श्री जितेन्द्र कायथवाल, श्री अशोक शर्मा, श्री विक्रम स्वामी, श्री सुनील आमेरिया, श्री राजेश पाण्डे, श्री राजेन्द्र आर्य, श्री हरिकिशन तिवारी, श्री लादूराम बैरवा, श्री अनिल सिंह चौहान, श्री शरीफ खान एवं श्री सत्येन्द्र सिंह जादौन उपस्थित रहे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter